1 जनवरी 2018

विश्व मामलों की भारतीय परिषद्

ISSUE BRIEF

कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति: छह पक्षों (उत्तर कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया, चीन, रूस और जापान) की प्रतिक्रिया - किसने क्या कहा

20-31 दिसंबर, 2017

डॉ. जोजिन वी जॉन द्वारा संकलित *

22 दिसंबर, 2017 को, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से 28 नवंबर, 2017 को उत्तर कोरिया द्वारा आईसीबीएम (अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल) लॉन्च किए जाने के जवाब में उत्तर कोरिया के खिलाफ नया प्रतिबन्ध पारित किया। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा बनाए गए संकल्प से उत्तर कोरिया को परिष्कृत पे ट्रोलियम उत्पाद निर्यात को 89 प्रतिशत से कम करने का प्रयास किया गया। परिषद ने सितंबर में 2 मिलियन बैरल की वार्षिक सीमा तय की , और नए संकल्प में 500,000 बैरल और घटाने की अपील की गई।[1]

देश	टिप्पणियाँ
उत्तर कोरिया	**किम जोंग उन** 1 जनवरी, 2018[2] “दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाले शीतकालीन खेल देश के लिए एक अच्छा

1 “Non-proliferation/Democratic People's Republic of Korea”, UNSC, December 22, 2017, http://www.un.org/en/ga/search/view_doc.asp?symbol=S/RES/2397(2017)

2 "N.K. willing to send delegation to PyeongChang Olympics: leader", The Yonhap News, January 1, 2018, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/29/0401000000AEN20171229005253315.html; "Kim Jong Un says the nuclear button is always on his desk", The CNN, January 1, 2018, http://edition.cnn.com/2017/12/31/asia/kim-jong-un-new-year-address-nuclear/index.html

	अवसर होगा। हमें पूरी उम्मीद है कि शीतकालीन ओलंपिक सफल रहेगा।" "हम प्रतिनिधिमंडल को भेजने सहित विभिन्न कदम उठाने के लिए तैयार हैं। इस तरह, दोनों कोरिया के बीच तुरंत मुलाकात हो सकती है।" "ये साल उत्तर कोरियाई शासन की स्थापना की 70 वीं वर्षगांठ है , और दक्षिण कोरिया शीतकालीन खेलों की मेजबानी करेगा। यह वर्ष दोनों कोरिया के लिए महत्व रखता है।" "अमेरिका की पूरी मुख्य भूमि हमारे परमाणु हथियारों की सीमा के अंतर्गत है और परमाणु हथियार का बटन हमेशा मेरे कार्यालय की मेज पर रहता है। उन्हें सटीक रूप से पता होना चाहिए कि यह कोई धमकी नहीं है, बल्कि वास्तविकता है।" "हमें परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइलों का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने और उनकी तैनाती में तेजी लाने की आवश्यकता है।" "हमें परमाणु युद्ध के लिए हमेशा दुश्मन की योजना के खिलाफ तत्काल परमाणु पलटवार करने की तत्परता रखनी चाहिए।" **केसीएनए** 30 दिसंबर, 2017[3] "डीपीआरके (कोरिया जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य), एक निर्विवाद नई रणनीतिक राज्य और आत्म-निर्भरता की परमाणु शक्ति, घोषणा करती है: इसकी नीति में कोई बदलाव होने की उम्मीद ना करें। एक अजेय शक्ति के रूप में इसके अस्तित्व को ना तो कम आंका जा सकता है और न ही इस पर मुहर लगाई जा सकती है।" "12 फरवरी को डीपीआरके ने नए प्रकार के रणनीतिक हथियार प्रणाली पुकगुकसोंग-2, ग्राउंड-टू-ग्राउंड इंटरमीडिएट- रेंज स्ट्रेटेजिक बैलिस्टिक रॉकेट का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। ... 29 नवंबर को, डीपीआरके नए प्रकार के आईसीबीएम ह्वासोंग-15 के परीक्षण में सफल रहा , जो एक विश्व स्तर की सैन्य शक्ति के रूप में इसकी जबरदस्त क्षमता को दर्शाता है।" "इस वर्ष के अंत तक अमेरिका की तरफ से डीपीआरके के खिलाफ राजनीतिक , आर्थिक, सैन्य, राजनय और अन्य सभी क्षेत्रों में लगातार उठाए गए कदम एक क्षण

	के लिए भी अपने उद्देश्यों को पूरा करने में डीपीआरके के आत्म- विश्वास को बढ़ने से नहीं रोक पाया।" "डीपीआरके, एक जिम्मेदार परमाणु हथियार राज्य होने के नाते , इस ग्रह के सभी आंधी-तूफानों का सामना करते हुए , इतिहास के रुझान को एकमात्र स्वतंत्रता और न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा।"

3 "No Force Can Prevail over Independence and Justice: KCNA's Detailed Report", KCNA, December 30, 2017, https://kcnawatch.co/newstream/1514680252-367646841/no-force-can-prevail-over-independence-and-justice-kcnas-detailed-report/

	रोडोंग सिनमुन 25 दिसंबर, 2017[4] "हमारा उपग्रह प्रक्षेपण उस अधिकार और अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग को नियंत्रित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक वैध उपयोग है , जो संयुक्त राष्ट्र की घोषणा-पत्र के सम्पूर्ण अनुकूल है, जिसमें संप्रभुता और समानता के लिए सम्मान के मूल अधिकार प्रतिष्ठापित हैं।" "हमारा देश भी अंतरिक्ष विकास के रुझानों के साथ बना हुआ है जो दुनिया भर में व्यापक रूप से हो रहा है।" **केसीएनए** 25 दिसंबर, 2017[5] "(हम) कड़ाई से प्रतिबंधों के संकल्प को अस्वीकार करते हैं जिसे हम एक अवैध दस्तावेज के रूप में परिभाषित करते हैं जिसमें कोई सच्चाई और वैधता नहीं है।" **प्रवक्ता - कोरिया एशिया-प्रशांत शांति समिति** 25 दिसंबर, 2017[6] "एक और "प्रतिबंध संकल्प" का निर्माण एक बार फिर साबित करता है कि लुटेरा अमेरिकी साम्राज्यवाद कोरियाई राष्ट्र का शत्रु है, जिसके साथ अब हम मिलकर नहीं रह सकते हैं और एक बड़ा दुश्मन है जिसके साथ हमें हिसाब बराबर करना है।" "समय आ गया है कि पूरी दुनिया स्पष्ट रूप से देखे कि किसके परमाणु हथियार कोरियाई प्रायद्वीप और बाकी के एशिया- प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा करते हैं, लुटेरे अमेरिका के परमाणु हथियार , जो मानव जाति का दुश्मन है या आत्म-निर्भर कोरिया के परमाणु हथियार, जो स्वतंत्रता और न्याय की ढाल है।"

4 "N. Korea defends space development as 'legitimate right'", The Yonhap News, December 25, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/25/60/0401000000AEN20171225002051315F.html
5 "N. Korea defends space development as 'legitimate right'", The Yonhap News, December 25, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/25/60/0401000000AEN20171225002051315F.html
6 "U.S. Sanctions and Pressure Racket Will Be Foiled: KAPPC Spokesman", KCNA, December 15, 2017, http://kcna.kp/

	"कोई भी व्यक्ति, प्रतिबंधों और दबाव के रैकेट की अवहेलना करते हुए , दोनों मोर्चों के समकालिक विकास के महान छत्र के अधीन डीपीआरके के परमाणु बल को सशक्त बनाने की दिशा में इसकी सेना और लोगों की गतिक प्रगति पर अंकुश नहीं लगा सकता है।" **प्रवक्ता - विदेश मंत्रालय** 24 दिसंबर, 2017[7] "संयुक्त राज्य अमेरिका, राज्य परमाणु बल के महान ऐतिहासिक उद्देश्य की हमारी उपलब्धि पर पूरी तरह से घबरा गया है, वो हमारे देश पर कठोर प्रतिबंध लगाने और दबाव डालने के लिए अधिक से अधिक उन्मुक्त हो रहा है।" "अगर अमेरिका सुरक्षित रहना चाहता है , तो उसे डीपीआरके के खिलाफ अपनी शत्रुतापूर्ण नीति को छोड़ना होगा और एक ऐसे देश के साथ सह- अस्तित्व बनाके रखना सीखना होगा जिसके पास परमाणु हथियार हैं और उसे ये सपना देखना छोड़ देना चाहिए कि हमारा देश अपने परमाणु हथियारों को त्याग देगा , जिसे हमने सभी प्रकार की कठिनाइयों से उभर कर बनाया और पूरा किया है।" "हम अमेरिका के साथ बल का व्यावहारिक संतुलन बनाकर अमेरिकी परमाणु खतरों , धमकियों और शत्रुतापूर्ण कदमों को खत्म करने के उद्देश्य से अपने आत्म- रक्षात्मक परमाणु निवारक को और मजबूत बनाएंगे।" **किम जोंग उन** 22 दिसंबर, 2017[8] "डब्ल्यूपीके (वर्कर्स पार्टी ऑफ़ कोरिया) के अध्यक्ष (किम जोंग-उन) ने कोरियाई प्रायद्वीप में व्याप्त परिस्थिति और डीपीआरके के चारों तरफ व्याप्त अंतर्राष्ट्रीय राजनितिक परिस्थिति के बारे में बताया कि डीपीआरके के परमाणु बल में तेजी से होती विकास अब वि श्व के राजनीतिक संरचना और सामरिक वातावरण पर गहरा असर कर रही है। उन्होंने बल देकर कहा कि कोई भी डीपीआरके के अस्तित्व से इनकार नहीं कर सकता है, जो तेजी से एक रणनीतिक राज्य के रूप में उभरा है जो अमेरिका के लिए पर्याप्त परमाणु खतरा पैदा करने में सक्षम है।" "हालांकि हमारे सामने गंभीर चुनौतियां बनी हुई हैं , जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा

	सकता, लेकिन हम ना तो उससे निराश हैं और ना ही डरते हैं बल्कि इस परिस्थिति के अधीन हमारी क्रांति की प्रगति को लेकर आशावादी बने हुए हैं।”

7 "Statement of DPRK Foreign Ministry Spokesman", KCNA, December 24, 2017, http://kcna.kp/

8 "Kim Jong Un Makes Opening Address at 5th Conference of Cell Chairpersons of WPK", Rodong Sinmun, December 22, 2017, http://www.rodong.rep.kp/en/index.php?strPageID=SF01_02_01&newsID=2017-12-22-0001

	प्रवक्ता - कोरिया-यूरोप संघ 22 दिसंबर, 2017[9] ब्रिटिश रक्षा सचिव गेविन विलियमसन के वक्तव्य के जवाब में, प्रवक्ता ने कहा, "ये परित्यक्त शासन बैलिस्टिक मिसाइल प्राप्त करने के पथ पर है जो लन्दन पर हमला कर सकता है", "ये अमेरिका के लिए एक बड़ा खतरा है" और "ब्रिटन को इससे निपटने के लिए आगे बढ़ना होगा"। "हमारा परमाणु बल किसी भी देश और क्षेत्र के लिए कोई खतरा पैदा नहीं करेगा, जब तक कि डीपीआरके (उत्तर कोरिया) के हितों का उल्लंघन नहीं होता है।" "फिर भी, ब्रिटिश रक्षा सचिव इस बात का रोना रो रहे हैं कि हमारा परमाणु बल अमेरिका के लिए खतरा पैदा कर रहा है।" "इसे कुछ और नहीं समझाया जा सकता है बल्कि ये कहा जा सकता है कि अमेरिका पर अपनी छाप छोड़ने के लिए ब्रिटेन चापलूसी कर रहा है।" **प्रवक्ता - विदेश मंत्रालय** 22 दिसंबर, 2017[10] राष्ट्रपति ट्रम्प की पहली राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति पर उत्तर कोरिया की प्रतिक्रिया, "रिपोर्ट में खुले तौर पर हम पर हमला करने की वाशिंगटन की आकांक्षाओं का पता चलता है।" "क्योंकि अमेरिका अपनी कूटनीतिक और सुरक्षा नीति के ज़रिए सैन्य बल द्वारा हमें कुचलने के लिए तत्पर है और सार्वजनिक रूप से हम पर तलवार उठा रहा है, हम अपने तोपों की मदद से अमेरिका को अपनी इस रणनीति के लिए पछताने पर मजबूर कर देंगे।" "अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को कोरियाई प्रायद्वीप पर परमाणु युद्ध शुरू करने की ट्रम्प की चाल के बारे में मालूम होना चाहिए। और वाशिंगटन के संवाद प्रस्ताव के पीछे इसके असली इरादों को भी देखना चाहिए, जो अमेरिका के बुरे इरादों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है और ये भी देखना चाहिए कि इससे दुनिया का कैसा मज़ाक बना है।"

9 "Press Statement of Korea-Europe Association", KCNA, December 22, 2017, http://kcna.kp/

10 “DPRK Foreign Ministry Spokesman Snipes at U.S. Report on "National Security Strategy"”, KCNA, December 22, 2017, http://kcna.kp/

	वक्तव्य - अमेरिकी अध्ययन संस्थान, विदेश मंत्रालय 20 दिसंबर, 2017[11] "डीपीआरके, जैविक हथियार महासंधि (बीडब्ल्यूसी) का एक राजकीय पक्ष होने के नाते, जैविक हथियारों के विकास , निर्माण, भंडारण और स्वामित्व के विरोध में अपना मजबूत रुख बनाए रखा है।" "अमेरिका जितना अधिक डीपीआरके का दम घोटने के लिए उसके खिलाफ चालें चलेगा ..., हमारे पूरे सैन्य कर्मियों तथा लोगों के मन में बदला लेने का संकल्प उतना ही ज्यादा कठोर होता जाएगा।"
संयुक्त राज्य अमेरिका	**डोनाल्ड ट्रम्प** 28 दिसंबर, 2017[12] "रैंज हाथों पकड़ा गया - बहुत निराश है कि चीन उत्तर कोरिया में तेल जाने दे रहा है। अगर ऐसा होता रहा तो उत्तर कोरिया की समस्या का कभी भी कोई समा धान नहीं होगा!" 28 दिसंबर, 2017[13] "चीन ने हमें व्यापार के क्षेत्र में बहुत बुरी तरह से चोट पहुंचाई है , लेकिन मैंने चीन पर नरमी बरती है क्योंकि व्यापार की तुलना में मेरे लिए एकमात्र युद्ध ही सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।" "मैं निराश हूँ। आप जानते हैं कि उन्हों ने पाया कि तेल जा रहा है ... तेल उत्तर कोरिया में जा रहा है। मैं ये सौदा नहीं चाहता! " "इसलिए मैं इसके बारे में खुश नहीं हूँ।" "व्यापार के क्षेत्र में चीन ने जितनी चोट इस देश को पहुंचाई है , पूरे इतिहास में शायद किसी देश ने कभी किसीको पहुंचाई होगी। अगर वे उत्तर कोरिया के मामले में

11 "N.K. rejects claim it is developing biological weapons ", Yonhap News, December 20, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/20/0401000000AEN20171220011500315.html
12 Donald Trump, Twitter, December 28, 2017, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/946416486054285314
13 "Excerpts From Trump's Interview With The Times, New York Times, December 28, 2017, https://www.nytimes.com/2017/12/28/us/politics/trump-interview-excerpts.html

	हमारी मदद नहीं करते हैं, तो मैं वही करूंगा जो मैंने हमेशा कहा है कि मैं करना चाहता हूं। चीन हमारी ज्यादा मदद कर सकता है, और उन्हें हमारी ज्यादा मदद करनी होगी। और उन्हें हमारी ज्यादा मदद करनी होगी। हमारे ऊपर एक परमाणु खतरा मंडरा रहा है, जो चीन के लिए अच्छा नहीं है, और यह रूस के लिए अच्छा नहीं है। यह किसी के लिए अच्छा नहीं है " "चीन उत्तर कोरिया की समस्या को हल कर सकता है, और वे हमारी मदद कर रहे हैं, और वे हमारी बहुत मदद भी कर रहे हैं, लेकिन वे हमारी पर्याप्त मदद नहीं कर रहे हैं।" **रेक्स टिलरसन - राज्य सचिव** 27 दिसंबर, 2017[14] "उत्तर कोरिया के लिए हमारी रणनीति का एक मुख्य घटक चीन को प्योंगयांग पर अपने निर्णायक आर्थिक लाभ उठाने के लिए राजी करना है। चीन ने आयात पर कुछ रोक और प्रतिबंधों को लागू किया है, लेकिन इसे और अधिक बढ़ाना चाहिए।" **स्टीवन टी म्नुचिन - वित्त सचिव** 26 दिसंबर, 2017[15] संयुक्त राज्य अमेरिका ने 26 दिसंबर 2017 को उत्तर कोरिया के दो वरिष्ठ अधिकारियों को शासन के अवैध बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनपर प्रतिबन्ध लगाया। "डीपीआरके को अलग करने और कोरियाई प्रायद्वीप के सम्पूर्ण विपरमाणुकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमारे अधिकतम दबाव अभियान के हिस्से के रूप में वित्त विभाग उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों में शामिल नेताओं को लक्षित कर रहा है।" "ये कार्रवाई शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा बनाए गए संकल्प का पालन करती है , जिसने उत्तर कोरिया पर प्रबल नए प्रतिबंध लगाए हैं ताकि ऊतर कोरिया की अवैध धन जुटाने की क्षमता पर अंकुश कसा जा सके।"

14 "I Am Proud of Our Diplomacy", US Department of State, December 27, 2017, https://www.state.gov/secretary/remarks/2017/12/276770.htm

15 "Treasury Sanctions Senior North Korean Officials Involved in Weapons Development", US Department of Treasury, December 26, 2017, https://home.treasury.gov/news/press-releases/sm0245

	डोनाल्ड ट्रम्प - राष्ट्रपति 22 दिसंबर, 2017[16] "संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उत्तर कोरिया पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के पक्ष में सिर्फ 15-0 का मतदान मिला। विश्व शांति चाहता है, मृत्यु नहीं!" **निक्की हेली - संयुक्त राष्ट्र के लिए राजदूत** 22 दिसंबर, 2017[17] "29 नवंबर को, प्योंगयांग ने एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की - यह किम शासन द्वारा एक महान शक्ति के रूप में उभरने का एक और प्रयास था , जबकि उनके लोग भूखे तड़प रहे थे और उनके सैनिक घायल थे।" "लेकिन अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए , यह एक उद्दंड राज्य की ओर से सामने आई एक अभूतपूर्व चुनौती है , इसलिए हमने भी इसके प्रति एक अभूतपूर्व प्रतिक्रिया दी है।" **लेफ्टिनेंट कर्नल क्रिस लोगन - पेंटागन के प्रवक्ता** 20 दिसंबर, 2017[18] योनहाप ने कहा , "संयुक्त राज्य अमेरिका और क्षेत्र के हमारे सहयोगियों और साझेदारों ने तत्परता बनाए रखने के लिए लंबे समय तक नियमित अभ्यास किया है।" " लेकिन इस समय भविष्य के अभ्यास के लिए योजनाओं पर चर्चा करना अनुचित होगा।" **वक्तव्य - साउथ कोरिया-अमेरिका संयुक्त बल कमान** 20 दिसंबर, 2017[19] "हम चाहते हैं कि प्योंगचांग ओलंपिक सफल हो और हमने अपने सहयोगी को वचन दिया है कि हम उनकी सफलता में सहायता करेंगे।"

16 Donald Trump, Twitter, December 22, 2017, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/944308373373308929
17 "U.N. Security Council unanimously adopts new sanctions against N. Korea", The Yonhap News, December 23, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/23/0401000000AEN20171223000353315.html
18 "U.S. distances itself from S. Korea's call to postpone military drills", The Yonhap News, December 21, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/21/0401000000AEN20171221000200315.html
19 http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/20/0401000000AEN20171220009200315.html

	विज्ञप्ति के अनुसार, "हम, सहयोगी होने के नाते, अभ्यास पर गठबंधन बनाने का निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जब उचित होगा, निर्णय की घोषणा करेंगे।"
दक्षिण कोरिया	**नोह क्यू-दुक - प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय** 26 दिसंबर, 2017[20] 26 दिसंबर, 2017 को दक्षिण कोरियाई समाचार पत्र चोसुनइल्बो ने सूचना दी कि अमेरिकी आवीक्षण उपग्रहों ने पाया कि चीन और उत्तर कोरिया अक्टूबर के बाद से लगभग 30 बार समुद्र के ज़रिए तेल के अवैध व्यापार में संलग्न थे। इस मामले पर विदेश मंत्रालय ने कहा, "वर्तमान में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की (उत्तर कोरिया पर) प्रतिबंध समिति इस संबंध में चर्चा कर रही है।" "चीन उत्तर कोरिया के परमाणु (हथियार) को बर्दाश्त नहीं करने और इस मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान चाहने के सिद्धांत के तहत इससे संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्पों पर निष्ठापूर्वक कार्य करने के प्रति अपने रुख को रेखांकित करता रहा है।" **वक्तव्य - संघीकरण मंत्रालय** 26 दिसंबर, 2017[21] "उत्तर कोरिया बाहरी रूप से प्रतिबंधों से बाहर निकलने का मार्ग खोजते हुए अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को आगे बढ़ा सकता है।" "एक वास्तविक परमाणु संपन्न राज्य के दर्जे के तौर पर मान्यता प्राप्त करने की चाहत में, (उत्तर कोरिया) अमेरिका के साथ वार्ता की संभावना की तलाश करेगा।" "अनुमान लगाया जा रहा है कि उत्तर कोरिया सामाजिक नियंत्रण को कस कर और अर्थव्यवस्था के निर्माण में अपने लोगों को लगाकर, (प्रतिबंधों के प्रभाव) को सहने के लिए अधिकतम प्रयास करेगा।"

20 "Oil trade between N. Korea, China under review at UNSC committee: ministry", The Yonhap News, December 26, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/26/0401000000AEN20171226007500315.html
21 "N. Korea likely to explore possibility of talks with U.S. in 2018: ministry", The Yonhap News, December 26, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/26/0401000000AEN20171226003251315.html

वक्तव्य - संघीकरण मंत्रालय

26 दिसंबर, 2017[22]

मंत्रालय ने 2018 में उत्तर कोरिया के पैंतरे का अनुमान लगाते हुए कहा , "उत्तर कोरिया बाहरी रूप से प्रतिबंधों से बाहर निकलने का मार्ग खोजते हुए अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को आगे बढ़ा सकता है। एक वास्तविक परमाणु संपन्न राज्य के दर्जे के तौर पर मान्यता प्राप्त करने की चाहत में, (उत्तर कोरिया) अमेरिका के साथ वार्ता की संभावना की तलाश करेगा।"

अधिकारी - विदेश मंत्रालय

24 दिसंबर, 2017[23]

उच्च श्रेणी के एक अधिकारी ने कहा , "अमेरिका के नए प्रतिबंध संकल्पों के का रण यह अनुमान लगाया जाता है कि उत्तर कोरिया को निर्यात में लगभग 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। ये रकम उत्तर कोरिया के वार्षिक निर्यात रकम का लगभग 10 प्रतिशत है।"

"आयात के क्षेत्र में , उत्तर कोरिया को कुछ 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कम आयात सहना पड़ा है, जो इसके वार्षिक आयात का लगभग 30 प्रतिशत है।"

वक्तव्य - विदेश मंत्रालय

23 दिसंबर, 2017[24]

एक विज्ञप्ति में कहा गया, "हम निर्णय का स्वागत और समर्थन करते हैं। हम एक बार फिर प्योंगयांग से आग्रह करते हैं कि वह अपने लापरवाह रवैये को बंद करे और शांति और विपरमाणुकरण के लिए संवाद के रास्ते पर बढ़े , जिस बारे में हमारी सरकार और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने प्रस्तावित किया है।"

सियोल ने यह भी कहा कि नए प्रतिबंधों को अपनाना अब तक "इस दृढ़ संकल्प का एक अन्य संकेत है कि अगर उत्तर कोरिया परमाणु हथियार और मिसाइल बनाता रहेगा तो इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"

22 "N. Korea likely to explore possibility of talks with U.S. in 2018: ministry", The Yonhap News, December 26, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/26/16/0401000000AEN20171226003251315F.html

23 "Resolution 2397 may cut N. Korea's annual exports by $250 mln: Seoul official", The Yonhap News, December 23, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/23/0401000000AEN20171223001500315.html

24 "U.N. Security Council unanimously adopts new sanctions against N. Korea", The Yonhap News, December 23, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/23/0401000000AEN20171223000353315.html

	चो म्योंग-ग्योन - संघीकरण मंत्री 22 दिसंबर, 2017[25] “अगर हम उत्तर कोरिया के साथ बातचीत कर सकें , तो हम उत्तर कोरिया के साथ खुले मन से और बिना किसी शर्त के इन समस्या के मुद्दों पर वार्ता करना चाहेंगे।” “इस तरह, हम तनावग्रस्त अंतर- कोरियाई संबंधों को बहाल करने का प्रयास करेंगे और उत्तर कोरिया की परमाणु समस्या को हल करने के लिए बेहतर संबंध बनाएंगे।”
चीन	**हुआ चुनयिंग - विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता** 29 दिसंबर, 2017[26] “मीडिया द्वारा रिपोर्ट किए गए व्यक्तिगत मामलों के जवाब में , विशेष रूप से 19 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय जल में डीपीआरके के जहाज को तेल स्थानांतरित करने में एक चीनी जहाज की कथित भागीदारी के बारे में , चीनी पक्ष ने तुरंत जांच करवाई। तथ्य यह है कि अगस्त के बाद से , चीन के बंदरगाह में जहाजों की डॉकिंग , प्रवेश करने या रवाना होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। क्या इन जहाजों को कभी अन्य देशों के बंदरगाहों पर बुलवाया गया था, ये हम नहीं बता सकते। इसलिए , इन रिपोर्टों में जो दावा किया है वह सच नहीं है।” “मैं आप सभी का ध्यान एक बार फिर से इस तथ्य की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि संकल्प 2397 सहित सुरक्षा परिषद की डीपीआरके-संबंधी संकल्पों में ना केवल प्रतिबंध के उपायों का उल्ले ख है, बल्कि इस मुद्दे के शांतिपूर्ण , राजनयिक और राजनीतिक समाधान और छह- पक्षीय वार्ता को पुनः शुरू करने के प्रति समर्थन की अपील की गई है। हम सभी संबंधित पक्षों को व्यापक रूप से इन सभी संकल्पों को पूरी तरह से लागू करने और कोरियाई प्रायद्वीप और बड़े पैमाने पर इ स क्षेत्र की शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए ठोस प्रयास करने , प्रायद्वीप की विपरमाणुकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने , और बातचीत और समझौते के माध्यम से मुद्दे को सुलझाने को बढ़ावा देने की अपील करते हैं।”

25 “S. Korea open to talks with N.K. without preconditions: minister”, The Yonhap News, December 22, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/12/22/0401000000AEN20171222001500315.html
26 “Foreign Ministry Spokesperson Hua Chunying's Regular Press Conference”, Ministry of Foreign Affairs, PRC, December 29, 2017, http://www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1522875.shtml

	27 दिसंबर, 2017[27] "चीन का रुख स्पष्ट बना हुआ है। मैं यह दोहराना चाहूंगा कि चीनी सरकार सुरक्षा परिषद की डीपीआरके से संबंधित संकल्पों को विस्तृत रूप से , सटीकता से , निष्ठापूर्वक और सख्ती से लागू कर रही है। हमारा रवैया निष्ठापूर्ण और सच्चा है , और हमारे उपाय और कार्य बलपूर्ण और प्रभावी हैं। अगर यह साबित करने के लिए ठोस सबूत मौजूद है कि चीन ने सुरक्षा परिषद के संकल्पों का कोई उल्लंघन किया है, तो चीन निश्चित रूप से कानूनों और नियमों के अनुसार इससे निपटेगा , और उल्लंघन के एक भी मामले से कोई बच कर नहीं सकता।" 25 दिसंबर, 2017[28] "ये नया संकल्प, जहां डीपीआरके के खिलाफ प्रतिबंधों को और भी कसता है , इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि इस संकल्प का आशय डीपीआरके की नागरिक आबादी के प्रति कोई प्रतिकूल मानवीय परिणाम लाना नहीं है या आर्थिक गतिविधियों और सहयोग , खाद्य सहायता और मानवीय सहायता समेत उन गतिविधियों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करना है , जिन पर प्रासंगिक संकल्पों द्वारा कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया है , या राजनयिक और दूतावास संबंधों पर विएना के महासंधि के अनुसरण में डीपीआरके के राजनयिक या दूतावास संबंधी गतिविधियों का शमन करना है।"
रूस	30 दिसंबर, 2017[29] मीडिया के रिपोर्ट्स पर विदेश मंत्रालय का संबोधन , जिसमें यह दावा किया गया था कि रूसी टैंकरों ने कुछ बार उत्तर कोरिया का चक्कर लगाया था। "रूस पूरी तरह से प्रतिबंधों के शासन का पालन करता है।" "हम याद दिलाना चाहेंगे, कि ईंधन (तेल प्रसंस्करण उत्पादों) की आपूर्तियों पर बेशक, कोटा है, लेकिन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित नहीं है (संकल्प 2397)।" "प्रतिबंध शासन के अनुपालन को नियंत्रित करने का अधिकार 1718 समिति का अधिकार है।"

27 "Foreign Ministry Spokesperson Hua Chunying's Regular Press Conference", Ministry of Foreign Affairs, PRC, December 27, 2017, http://www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1522467.shtml
28 "Foreign Ministry Spokesperson Hua Chunying's Regular Press Conference" Ministry of Foreign Affairs, PRC, December 25, 2017 http://www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1521984.shtml
29 "Russia observes fully sanctions against Noth Korea - Foreign Ministry", TASS, December 30, 2017, http://tass.com/politics/983788

	वक्तव्य - विदेश मंत्रालय 26 दिसंबर, 2017[30] अमेरिकी राज्य सचिव रेक्स टिलरसन के साथ विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की टेलीफोन बातचीत के संबंध में, "सभी पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि उत्तर कोरिया के परमाणु मिसाइल विकास कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आवश्यकताओं का उल्लंघन कर रहे हैं। श्री लावरोव ने पुनः बल देकर कहा कि यह प्योंगयांग के खिलाफ वाशिंगटन की आक्रामक बयानबाजी द्वारा कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ाना और क्षेत्र में युद्ध की तैयारी करना अस्वीकार्य था। जल्द से जल्द , प्रतिबंधों की भाषा के बदले वार्ता प्रक्रिया का उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया गया था।" **दिमित्री पेसकोव - क्रेमलिन प्रवक्ता** 26 दिसंबर, 2017[31] "रूस तैयार है अगर दोनों पक्षों को इसकी आवश्यकता और चाहत है।" "यदि कोई एक पक्ष इसकी चाहत रखता है और दूसरा नहीं , तो दोनों पक्षों के बीच मध्यस्था कराना असंभव है , इसलिए यहाँ दोनों पक्षों की इच्छा मायने रखती है। चूंकि प्योंगयांग और वाशिंगटन के बीच टकराववादी बयानबाजी हुई है, इसलिए तनाव को कम करने के प्रति रूस की तत्परता स्पष्ट है।" **वक्तव्य - विदेश मंत्रालय** 22 दिसंबर, 2017[32] "संकल्प के पाठ के समन्वय पर बेहद गहन काम के दौरान , पक्ष संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रस्तावित बेहद कठोर प्रारंभिक दृष्टिको ण को समायोजित करने में कामयाब रहे, जिसमें डीपीआरके के कुल व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बंद करने और इसके सभी शीर्ष अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने की अपेक्षा थी।"

30 "Press release on Foreign Minister Sergey Lavrov's telephone conversation with US Secretary of State Rex Tillerson", Ministry of Foreign Affairs, Russian Federation, December 26, 2017, http://www.mid.ru/en/foreign_policy/news/-/asset_publisher/cKNonkJE02Bw/content/id/3008194

31 "Moscow ready to act as mediator between US, North Korea, says Kremlin", TASS, December 26, 2017, http://tass.com/politics/983093

32 "Comment by the Information and Press Department on UN Security Council Resolution 2397", Ministry of Foreign Affairs, Russian Federation, December 22, 2017, http://www.mid.ru/en/foreign_policy/news/-/asset_publisher/cKNonkJE02Bw/content/id/3001355

	"रूसी प्रतिनिधिमंडल के आग्रह पर , अंतिम संकल्प में रूस- उत्तर कोरिया के प्रमुख खसन-रजिन कोयला पारगमन परियोजना के अगले कार्यान्वयन और हमारे देशों के बीच सीधी उड़ानें जारी रखने की अनुमति प्रदान की गई है। उत्तर कोरिया के सभी नेताओं, सरकार और लेबर पार्टी पर प्रतिबंध लागू नहीं करने का निर्णय लिया गया , साथ ही डीपीआरके को तेल और तेल उत्पाद वितरण पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध ना लगाने को कहा गया है। "संदिग्ध" जहाजों से संबंधित निरोध, खोज और कार्रवाइयों के प्रावधानों को भी कम किया गया था।" "सुरक्षा परिषद द्वारा अपनाए गए प्रतिबंधों को लागू करने के अलावा , अब ऐसे प्रावधान लागू करने का समय है, जिसके ज़रिए पक्षों से संवाद और वार्ता के माध्यम से संकट के शांतिपूर्ण, राजनीतिक और राजनयिक समाधान करने की अपेक्षा हो। यह स्पष्ट है कि कोरियाई परमाणु समस्या का समाधान करने के लिए उपयोग किए गए इन अप्रचलित, अक्षम प्रक्रियाओं से कोई परिणाम नहीं आया है। अलगाव और दबाव से संवाद और वार्ता का रास्ता खुलना चाहिए।" "हम सभी संबंधित पक्षों , मुख्य रूप से डीपीआरके औ र संयुक्त राज्य अमेरिका से आग्रह करते हैं कि वो संयम बरतें और ऐसे कदम उठाने से बचें , जो पूरे पूर्वोत्तर एशिया और आगे के क्षेत्रों के लिए अप्रत्याशित और विनाशकारी परिणाम ला सकता है।"
जापान	**इत्सुनोरी ओनोडेरा - रक्षा मंत्री** 26 दिसंबर, 2017[33] "उत्तर कोरिया का परमाणु और मिसाइल विकास , पहले से कहीं अधिक गंभीर और आसन्न खतरा पैदा कर रहा है , जापान की सुरक्षा के प्रति एक नए स्तर का खतरा पैदा कर रहा है।" **शिंजो बे - प्रधानमंत्री** 23 दिसंबर, 2017[34] "जापान अपनी अध्यक्षता के तहत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के संकल्प 2379 को सर्वसम्मत रूप से अपनाने की काफी सराहना करता है, जो उत्तर कोरिया के खिलाफ लगे प्रतिबंधों को एक अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाता है।"

33 "Press Conference by Defense Minister Onodera", Ministry of Defense, Japan, December 26, 2017, http://www.mod.go.jp/e/press/conference/2017/12/26.html

34 "Comment by Prime Minister Shinzo Abe on the Adoption of a Resolution by the United Nations Security Council concerning North Korea's Ballistic Missile Launch and Other Activities", Ministry of Foreign Affairs, Japan, December 23, 2017, http://www.mofa.go.jp/fp/unp/page1e_000016.html

	"उत्तर कोरिया का परमाणु और मिसाइल विकास एक अभूतपूर्व , गंभीर और आसन्न खतरे को दर्शाता है। यह बताना अतिशयोक्ति नहीं है कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद से जापान की सुरक्षा स्थिति बहुत गंभीर हो गई है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है कि उत्तर कोरिया अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की शांतिपूर्ण समाधान प्राप्त करने की इच्छा की अवहेलना में अपने उत्तेजक कार्यों को जारी रखे हुए है।" "जापान, उत्तर कोरिया से संबंधित समस्याओं का विस्तृत समाधान करने की दिशा में और साथ ही सबसे महत्वपूर्ण अपहरण के मुद्दों पर एक सख्त कार्रवाई करने के लिए अपने "संवाद एवं दबाव" और "कार्रवाई के बदले कार्रवाई" सिद्धांतों के अधीन उत्तर कोरिया पर दबाव बनाता रहेगा।" **तारो कानो - विदेश मंत्री** 23 दिसंबर, 2107[35] "जापान इस बात की सराहना करता है कि , 29 नवम्बर को आईसीबीएम की सीमा वाला एक नए बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च करने और अन्य गतिविधियों के जवाब में , 23 दिसंबर (22 दिसंबर की दोपहर दोपहर , न्यूयॉर्क टाइम्स) को, जापान की अध्यक्षता के तहत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के संकल्प 2379 को सर्वसम्मत रूप से अपनाया गया है , जो उत्तर कोरिया के खिलाफ लगे प्रतिबंधों को एक अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाता है।" "उत्तर कोरिया को अपनी नीतियों को बदलने के लिए मजबूर करने के लिए , उत्तर कोरिया पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के दबाव को अधिकतम सीमा तक बढ़ाते हुए , यूएनएससी के उचित संकल्पों को पूरी तरह से लागू करने के लिए जापान के लिए सुदृढ़ और सख्त कूटनीति करना और जापान- अमेरिका और जापान-अमेरिका-कोरिया गणराज्य के साथ-साथ चीन और रूस सहित सभी संबंधित देशों के साथ निकटता से सहयोग करना आवश्यक है।" **वक्तव्य - विदेश मंत्रालय** 20 दिसंबर, 2017[36]

35 "The Adoption of a Resolution by the United Nations Security Council concerning North Korea's Ballistic Missile Launch (Statement by Foreign Minister Taro Kono)", Ministry of Foreign Affairs, Japan, December 23, 2017, http://www.mofa.go.jp/press/release/press1e_000016.html

36 "The Adoption of the Resolution on the Situation of Human Rights in the Democratic People's Republic of Korea (DPRK) at the Plenary Meeting of the 72nd Session of the United Nations General Assembly", Ministry of Foreign Affairs, Japan, December 20, 2017, http://www.mofa.go.jp/press/release/press4e_001849.html

	“20 दिसंबर (19 दिसंबर, स्थानीय समय) को डीपीआरके में मानव अधिकारों की परिस्थितियों पर लिया गया संकल्प , वर्तमान न्यू यॉर्क में संचालित हो रही संयुक्त राष्ट्र महासभा के 72 वें सत्र के पूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से ली गई है। ये संकल्प , जिस पर जापान और यूरोपीय संघ (ईयू) ने विचार-विमर्श किया, लगातार 13 वर्षों के लिए अपनाया गया।” “इस संकल्प में, उत्तर कोरिया द्वारा संसाधनों का उपयोग लोगों की भलाई के लिए करने के बजाय परमाणु हथियार और बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में दुरुपयोग करने के लिए उत्तर कोरिया की निंदा भी की गई है।” “सर्वसम्मति द्वारा संकल्प को अपनाए जाने से उत्तर कोरिया में मानव अधिकारों के उल्लंघन और अपहरण के मामले पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की घोर चिंता प्रकट होती है।”

****

** डॉ जोजिन वी जॉन, रिसर्च फेलो, इंडियन काउंसिल ऑफ़ वर्ल्ड अफेयर्स, नई दिल्ली।*

अस्वीकरण: इसमें व्यक्त किए गए विचार शोधकर्ता के हैं, परिषद के नहीं।